एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 22.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ आज 22 फरवरी 2018 को नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर जोन कार्यालय क्रमांक 02 के अंतर्गत एकीकृत आजीविका शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। शिविर में विभिन्न कौशल प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाएं जैसे–एडवान्स हाईटेक मानव कौशल केन्द्र, दिनेश कोचिंग, बी.डी.एस कॉलेज, अंश एज्युकेशन, रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग, लक्ष्य, अर्चना कौशल, देना ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, एम.जे. कॉलेज, बालाजी इस्टीट्यूट, हिमान्शु इन्फोटेक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, एब्लेज, आई आई सी ई कलिगां, पार्थिव फिनिशिंग संस्था, फास्ट ट्रैक, लाइवलीहुड कॉलेज आई. सी. आई. सी. आई, एस.आर. हॉस्पिटल अपनी संस्थाओं में चलित कोर्सेस की जानकारी लोगो को दी गई एवं पंजियन कराया।

आयोजनकर्ता दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठिकाएं एवं कार्यक्रम अंतर्गत संचालित शहरी आजीविका केन्द्र शिविर में सम्मिलित रहे एवं शिविर में आने वाले लोगों को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कौशल प्रशिक्षण लेने के लिए इच्छुक कुल 575 लोगों ने पंजीयन कराया। स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यक्तिगत ऋण हेतु 37 लोगो ने आवेदन प्रक्रिया की जानकारी ली।

शहरी आजीविका केन्द्र द्वारा प्रशिक्षित तकनीशियन एवं कौशल प्राप्त लोगों को पंजीयन किया गया जैसे प्लम्बर, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, कार्यालय सहायक, एकाउंट एसीसटेंट, इलेक्ट्रीशियन इत्यादि ताकि कॉल करने पर यह सेवाएं शहर निवासियों को उपलब्ध कराया जा सके।

शिविर का निरीक्षण सहायक संचालक श्री मुखोपाध्याय द्वारा किया गया एवं मार्गदर्शन दिया गया। जोन 03 मदर टेरेसा नगर पानी टंकी में 26 फरवरी 2018 को शिविर का आयोजन किया जावेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी